# वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद
# Council of Scientific and Industrial Research
अनुसंधान भवन, 2, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001
Anusandhan Bhawan, 2, Rafi Marg, New Delhi-110001

No. : 5-1(17)/2008-PD

दिनांक/Dated : 29.10.2025

## कार्यालय ज्ञापन / OFFICE MEMORANDUM

**विषय : 31 अक्टूबर, 2025 को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाने के संबंध में।**

**Sub : Observance of Rashtriya Ekta Diwas (National Unity Day) on 31st October, 2025 – reg.**

अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि सक्षम प्राधिकारी ने माननीय मंत्री, गृह मंत्रालय एवं सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा उपरोक्त विषय पर जारी दिनांक 24 अक्टूबर, 2025 के अर्धशासकीय पत्र संख्या 1-19034/09/2025-एनआई-II को सभी सीएसआईआर प्रयोगशालाओं/संस्थानों/इकाइयों को सूचना, मार्गदर्शन और अनुपालन के लिए अग्रेषित करने की स्वीकृति प्रदान की है।

The undersigned is directed to state that the Competent Authority has accorded approval to forward the D.O letter No. 1-19034/09/2025-NI-II dated 24th October, 2025 on the above subject issued by Hon'ble Minister, Ministry of Home Affairs and Ministry of Cooperation, Government of India , to all CSIR Labs./Instts./Units for information, guidance and compliance.

राहुल 29/10/25

(कुमार राहुल/Kumar Rahul)
उप सचिव (नीति प्रभाग)/Deputy Secretary (PD)

संलग्न/Encl. : यथोपरि/As above

प्रतिलिपि/Copy to:

1) सी.एस.आई.आर. की सभी राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं/संस्थानों/मुख्यालय/एककों के निदेशक/प्रधान
   The Directors/Heads of all CSIR National Labs./Instts./Hqrs./Units
2) सी.एस.आई.आर. वेबसाइट/ CSIR Website
3) कार्यालय प्रति/Office copy.

Dy. No. 2839303........VIP/MoS (PP)/25

अमित शाह
AMIT SHAH

सत्यमेव जयते

गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री
भारत सरकार

**अ.शा.पत्र सं. 1-19034/09/2025-एनआई-II**

**दिनांक:** 24 **अक्टूबर, 2025**

**डॉ. जितेन्द्र सिंह जी,**

हम सभी लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती, **31 अक्टूबर** को, पूरे देश में बड़े उत्साह और गर्व के साथ **'राष्ट्रीय एकता दिवस'** के रूप में मनाते आ रहे हैं। यह दिवस हमें राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने का अवसर प्रदान करता है। यह हमारे लिए अत्यंत हर्ष और गौरव का विषय है कि इस वर्ष राष्ट्र **सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती** मना रहा है। सरदार पटेल ने एक **एकजुट, सशक्त और समृद्ध भारत** का स्वप्न देखा था, जिसे उन्होंने अपने अद्भुत नेतृत्व, दूरदृष्टि और दृढ़ निश्चय से यथार्थ रूप प्रदान किया। उनकी इसी प्रेरणा से **माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी** ने **"एक भारत, श्रेष्ठ भारत"** का भावपूर्ण संकल्प प्रस्तुत किया; एक ऐसा दृष्टिकोण जो भारत की **"एकता में विविधता"** की शाश्वत भावना को प्रत्येक राज्य, भाषा, संस्कृति और परंपरा में सशक्त रूप से जीवंत बनाता है।

इसी उपलक्ष्य में, **31 अक्टूबर 2025** को स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, एकता नगर, गुजरात में **'एकता परेड'** का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें राज्य पुलिस बलों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों तथा एनसीसी कैडेटों की भागीदारी होगी। इस वर्ष विशेष रूप से विभिन्न राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की **झाँकियाँ** भी परेड का हिस्सा बनेंगी। एकता दिवस की पूर्व संध्या अर्थात् **30 अक्टूबर 2025** को एकता नगर में सरदार पटेल पर आधारित नाट्य प्रस्तुति का आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, **एकता दिवस (31 अक्टूबर 2025)** से लेकर **जनजातीय गौरव दिवस (01 नवम्बर 2025 से 15 नवम्बर 2025)** तक एकता नगर में विविध गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा, जिसमें सभी राज्य/केंद्र शासित प्रदेश अपने पर्यटन स्थलों/स्मारकों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, फूड स्टॉल्स, हस्तशिल्प एवं शिल्पकारों का प्रदर्शन करेंगे।

मैं आपसे अनुरोध करता हूँ कि **31 अक्टूबर, 2025** को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाने हेतु अपने प्रशासन को उचित **निर्देश, मार्गदर्शन और सहयोग** प्रदान करें। 31 अक्टूबर, 2025 को एकता दिवस को मनाने हेतु अन्य उपयुक्त कार्यक्रम के साथ-साथ निम्नलिखित कार्यक्रम भी आयोजित किए जा सकते हैं:

लगातार ....

कार्यालय : गृह मंत्रालय, नॉर्थ ब्लाक, नई दिल्ली–110001
दूरभाष : 23092462, 23094686, फैक्स : 23094221
ई–मेल : hm@nic.in

(i) **राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शपथ ग्रहण समारोह** का आयोजन किया जा सकता है। **'एकता दिवस'** प्रतिज्ञा का पाठ संलग्न है।

(ii) पूरे देश में राष्ट्रीय एकता के संदेश को फैलाने के लिए, समाज के सभी वर्गों के लोगों के सहयोग से, उचित स्थानों पर **'रन फॉर यूनिटी'** का भी आयोजन किया जा सकता है।

यह सुनिश्चित किया जाए कि **राष्ट्रीय एकता दिवस** को पूरे उत्साह, ऊर्जा और सहभागिता के साथ मनाया जाए, ताकि यह आयोजन **"एक भारत, श्रेष्ठ भारत"** की भावना को नई ऊँचाइयाँ प्रदान करे और सरदार पटेल जी की 150वीं **जयंती** को एक **भव्य, प्रेरक और जन सहभागिता से परिपूर्ण उत्सव** के रूप में स्मरणीय बनाए।

**सादर,**

आपका,

**(अमित शाह)**

**डॉ. जितेन्द्र सिंह,**
विज्ञान और प्रौद्योगिकी एवं पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार);
राज्य मंत्री, प्रधान मंत्री कार्यालय, कार्मिक,
लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय एवं अन्य विभाग,
भारत सरकार,
कर्तव्य भवन-3, नई दिल्ली - 110 001

# एकता दिवस शपथ

मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूँ कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करुंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करुंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूँ जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूँ।

# EKTA DIWAS PLEDGE

I solemnly pledge that I dedicate myself to preserve the unity, integrity and security of the nation and also strive hard to spread this message among my fellow countrymen. I take this pledge in the spirit of unification of my country which was made possible by the vision and actions of Sardar Vallabhbhai Patel. I also solemnly resolve to make my own contribution to ensure internal security of my country.